RAJASTHAN NURSING COUNCIL
JAIPUR

B-39, Sardar Patel Marg, C- Scheme, Jaipur, Ph- 0141-2222923,Fax:- 2222099

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2019/ 10832 दिनांकः-22-02-2019

समस्त,
प्रधानाचार्य,
जी.एन.एम./ए.एन.एम ट्रेनिंग सेन्टर
राजस्थान।

विषयः– आंतरिक मूल्याकंन के अंक प्रेषित करने के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान नर्सिंग कौसिंल, द्वारा समय-समय पर जी.एन.एम/ ए.एन.एम. परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। परीक्षा समाप्ति के पश्चात् जी.एन.एम/ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रशिक्षणार्थियों के आतंरिक मूल्यांकन अंक भिजवाये जाते है। जो कि समय पर कौसिल को प्राप्त नहीं होते है। कौसिल द्वारा बार-बार स्मरण कराये जाने पर भी आंतरिक मूंल्याकन अंक समय से प्रेषित नहीं किये जाते है, जिसके कारण प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा परिणाम शीघ्र व समय पर घोषित किये जाने में असुविधा उत्पन्न होती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है, कि जी.एन.एम./ए.एन.एम परीक्षा आरंभ होने के पश्चात् परीक्षा से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों के आंतरिक मूंल्याकन अंक 10 दिवस के भीतर-भीतर इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा किसी भी स्थिति में प्रशिक्षणार्थियों के परिणाम पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव के लिए संबंधित संस्था प्रधान की जिम्मेदारी होगी।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

(राजेन्द्र शर्मा)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर